UPSI180017862025

न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), महमूदाबाद-सीतापुर।

दीवानी वाद सं०-196/2025

सोनेलाल उर्फ सोने बनाम कमला देवी आदि।

वाद की प्रकृति	**मंसूखी व स्थायी निषेधाज्ञा**
वाद का मूल्यांकन	**1576.50 रुपये**
अधिवक्ता का नाम	**श्री सुरेश प्रकाश गौतम**
वाद प्रस्तुत किये जाने की तिथि	**26.05.2025**

यह वाद-पत्र वादी द्वारा वास्ते मंसूखी व स्थायी निषेधाज्ञा उसके विद्वान अधिवक्ता श्री सुरेश प्रकाश गौतम द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुन्सरिम आख्यानुसार वाद न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत है, तद्नुसार न्यायशुल्क अदा है। अतः वाद मूलवाद के रूप में दर्ज रजिस्टर हो। प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6ग2/लिखित उत्तर/विरचन वादबिन्दु दिनाँक-28.07.2025 को पेश हो।

(रोहित पुरी)
सिविल जज (जू०डि०) महमूदाबाद,
सीतापुर।
J.O.Code-UP3474

<u>निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6ग2</u>

वादी द्वारा प्रार्थना-पत्र 6ग2 मय शपथ पत्र 7ग2 अन्तर्गत आदेश 39 नियम 1 सिविल प्रक्रिया संहिता प्रस्तुत कर वादी द्वारा वादभूमि गाटा संख्या-38 रकबा 0.4730हे० व गाटा संख्या-60 रकबा 0.498हे० स्थित ग्राम मनोहरापुर, परगना सदरपुर, तहसील महमूदाबाद, जिला सीतापुर के 1/3 अंश पर उसके शांतिप्रिय कब्जे व इस्तेमाल में किसी प्रकार का हस्तक्षेप करने से प्रतिवादी को मना किये जाने की याचना की गयी है।

वादी की ओर से अपने कथनों के समर्थन में दस्तावेजी सूची-8ग1 से एक किता नकल बैनामा दिनांकित-14.02.2025 स्थित ग्राम मनोहरापुर, परगना सदरपुर, तहसील महमूदाबाद, जिला सीतापुर कागज संख्या-9ग1 लगायत 9ग1/9, दो किता सत्यापित खतौनी गाटा संख्या-60 व गाटा संख्या-38 फसली सन् 1428-1423 स्थित ग्राम मनोहरापुर, परगना सदरपुर, तहसील महमूदाबाद, जिला सीतापुर कागज संख्या-10ग1 व एक किता वादीय आधार कार्ड की छायाप्रति कागज संख्या-11ग1 दाखिल पत्रावली की गयी है।

कार्यालय की आख्यानुसार प्रस्तुत मामले में कैबिएट दाखिल नहीं है।

अतः मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए बिना प्रतिवादीगण को सुने प्रार्थना-पत्र 6ग2 पर कोई भी आदेश पारित किया जाना न्यायोचित नहीं होगा। प्रतिवादीगण को नोटिस दिनाँक-28.07.2025 हेतु जारी हो। वादी आवश्यक पैरवी करे। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6ग2/लिखित उत्तर/विरचन वादबिन्दु दिनाँक-28.07.2025 को पेश हो।

दिनांकः26.05.2025

(रोहित पुरी)
सिविल जज (जू०डि०) महमूदाबाद,
सीतापुर।
J.O.Code-UP3474

(विजय मौर्य)
स्टेनो/-

Digitally signed by ROHIT PURI
Date: 2025.05.26 17:30:36 IST
Reason: Document Owner
Location: Civil Judge (J.D.)/J.M. Mahmoodabad, Sitapur.